Regarding need to establish Horticulture and Forestry College in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar-Laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(**महाराजगंज**) :** मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महाराजगंज लोक सभा, बिहार एक कृषि बाहुल्य क्षेत्र है । मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सारण (छपरा) जिला के मांझी एवं सिवान जिला के भगवानपुर हाट में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा स्थापित एक-एक कृषि विज्ञान केंद्र संचालित है । कृषि बाहुल्य क्षेत्र होने के नाते यहाँ के किसान एवं जनता की इच्छा होती है कि आज के आधुनिक युग में अपने बच्चों को कृषि से सम्बन्धित उच्च एवं आधुनिक शिक्षा दिलवाई जाये जिससे कि उनके बच्चे कृषि के क्षेत्र में ही अपने भविष्य को आगे बढ़ाते हुए । किसानों को उन्नत्त तरीके से खेती करने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें । इसलिए हमारे क्षेत्र की जनता चाहती है कि उपर्युक्त दोनों कृषि विज्ञान केन्द्रों में से किसी एक में वागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय खोलवाया जाये । इन केन्द्रों के पास पर्याप्त जमीन उपलब्ध है ।

अत: माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मांझी और भगवानपुर हाट में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में से किसी एक में बागवानी एवं वानिकी कृषि महाविद्यालय खुलवाया जाए ।